दिवस 40

drishtiias.com/hindi/printpdf/day-40

सरकारी योजनाएँ : भाग- 2

समाचारों में रही सरकारी योजनाओं/नीतियों का अनुसरण करते हुए UPSC इनके विषय में मूलभूत ज्ञान को परखने का प्रयास करता है, इसके लिये मूलभूत जानकारी का होना आवश्यक है। इस टॉपिक से जुड़े प्रश्न स्थैतिक के साथ-साथ समसामयिक मुद्दों/करेंट अफेयर्स से भी संबंधित हो सकते हैं। विगत वर्षों की परीक्षाओं में देखे गए रूझानों के आधार पर यह स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि UPSC इन टॉपिक्स से संबंधित तथ्यों, उनके संदर्भों, मूल पृष्ठभूमि आदि के बारे में प्रश्न पूछ सकता है।

गरीबी

- प्रधानमंत्री आवास योजना
- गरीब कल्याण रोज़गार अभियान
- पीएम स्वनिधि योजना
- प्रधानमंत्री का 15 सूत्रीय कार्यक्रम
- दीनदयाल अंत्योदय योजना (यूट्यूब)
- राष्ट्रीय पोषण मिशन
- मनरेगा कार्यक्रम
- निर्धनों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के लिये पहलें
- वन नेशन-वन राशन कार्ड

महिलाएँ

- अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में महिलाएँ
- विज्ञान ज्योति योजना
- विज्ञान ज्योति और जीएटीआई
- किरण योजना
- 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना
- वन स्टॉप सेंटर (यूट्यूब)
- गोल (GOAL) कार्यक्रम
- आंगनवाड़ी सेवाओं का कार्यान्वयन
- राष्ट्रीय क्रेच (शिशुगृह) योजना

- किशोरी हेल्थ कार्ड

वित्त

- वित्तीय शिक्षा के लिये राष्ट्रीय रणनीति
- आत्मनिर्भर भारत (ऑडियो आर्टिकल)
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना
- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली
- सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली

अवसंरचना

- भारतमाला परियोजना
- प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना (यूट्यूब)
- 'सतत' पहल
- किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (KUSUM)
- फेम (FAME) इंडिया योजना-II (यूट्यूब)
- राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान
- भारतनेट परियोजना

उद्योग तथा सेवाएँ

- प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम
- रक्षा उत्पादन और निर्यात संवर्द्धन नीति 2020
- एमएसएमई आपातकालीन उपाय कार्यक्रम
- 'रीस्टार्ट' कार्यक्रम

विगत वर्षों के प्रश्न

प्र. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अधीन बनाए गए उपबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2018)

1- केवल ही परिवार सहायता प्राप्त खाद्यान्न लेने की पात्रता रखते हैं जो "गरीबी रेखा से नीचे" (बी.पी.एल.) श्रेणी में आते हैं।

2- परिवार में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की सबसे अधिक उम्र वाली महिला ही राशन कार्ड निर्गत किये जाने के प्रयोजन से परिवार की मुखिया होगी।

3- गर्भवती महिलाएँ एवं स्तनपान कराने वाली माताएं गर्भावस्था के दौरान और उसके छः महीने बाद तक प्रतिदिन 1600 कैलोरी वाला राशन घर ले जाने की हकदार हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 3

प्र. ज़िला ग्रामीण विकास अभिकरण (DRDAs) भारत में ग्रामीण निर्धनता को कम करने में कैसे मदद करते हैं? (2012)

1- DRDAs देश के कुछ विनिर्दिष्ट पिछड़े क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के रूप में कार्य करते हैं।

2- DRDAs विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में निर्धनता और कुपोषण के कारणों का वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं और उनके समाधान के विस्तृत उपाय तैयार करते हैं।

3- DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अंतरक्षेत्रय (इंटर-सेक्टोरल) तथा अंतरविभागीय समन्वयन और सहयोग सुरक्षित करते हैं।

4- DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के लिये मिले कोष पर निगरानी रखते हैं ताकि उनका प्रभावी उपयोग हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1, 2, और 3

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 4

(d) 1, 2, 3 और 4

प्र. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रीय निर्धनों के आजीविका विकल्पों को सुधारने का प्रयास करता है? (2012)

1- ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नए विनिर्माण उद्योग तथा कृषि व्यापार केंद्र स्थापित करके

2- 'स्वयं सहायता समूहों' को सशक्त बनाकर और कौशल विकास की सुविधाएँ प्रदान करके

3- कृषको को निःशुल्क बीज, उर्वरक, डीज़ल पंप-सेट तथा लघु-सिचाईं संयंत्र देकर

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (इंदिरा गाँधी नेशनल ओल्ड एज़ पेंशन स्कीम-IGNOAPS) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2008)

1. ग्रामीण क्षेत्रो में गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी लोग पात्र हैंl
2. 2. इस योजना के अंतर्गत प्रीति वृत्तिभोगी को केंद्रीय सहायता प्रति माह 300 रु.की दर से देय है l इस योजना में राज्यों से भी सामान राशि देने के लिये आग्रह किया गया हैl

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2019)

1- गर्भवती महिलाएँ, प्रसव-पूर्व तीन महीने और प्रसवोत्तर तीन महीने के लिये सवेतन अवकाश की हकदार है।

2- शिशुगृहों वाले प्रतिष्ठानों के लिये माता को प्रतिदिन कम-से-कम छह बार शिशुगृह जाने की अनुमति देना अनिवार्य होगा।

3- दो बच्चों वाली महिलाओं को न्यूनीकृत हक मिलेंगे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. 'स्टैंड अप इंडिया स्कीम (Stand Up India Scheme)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2016)

1- इसका प्रयोजन SC/ST एवं महिला उद्यमियों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है।

2- यह SIDBI के माध्यम से पुनर्वित्त का प्रावधान करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

प्र. 'जननी सुरक्षा योजना' कार्यक्रम का प्रयास है: (2012)

1- संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना

2- प्रसूति की लागत वहन करने हेतु माँ को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना

3- गर्भावस्था और प्रसूति से हुई वेतन-हानि की आपूर्ति करना

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

प्र. निम्नलिखित कथनो में से कौन-सा हाल ही में समाचारों में आए 'दबावयुक्त परिसंपत्तियों के धारणीय संरचन पद्धति (स्कीम फॉर सस्टेनेबल स्ट्रक्चरिंग ऑफ स्ट्रेस्ड एसेट्स/S4A)' का सर्वोत्कृष्ट वर्णन करता है? (2017)

(a) यह सरकार द्वारा निरूपित विकासपरक योजनाओं की पारिस्थितिक कीमतों पर विचार करने की पद्धति है।

(b) यह वास्तविक कठिनाइयों का सामना कर रही बड़ी कॉर्पोरेट इकाइयों की वित्तीय संरचना के पुनर्संरचन के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक की स्कीम है।

(c) यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के बारे में सरकार की विनिवेश योजना है।

(d) यह सरकार द्वारा हाल ही में क्रियान्वित 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड' का एक महत्त्वपूर्ण उपबंध है।

प्र. लीड बैंक योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि: (2012)

(a) बड़े बैंक प्रत्येक ज़िले में अपने कार्यालय खोलने का प्रयास करें

(b) विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंको में कड़ी प्रतिस्पर्द्धा हो

(c) प्रत्येक बैंक सघन विकास के लिये पृथक-पृथक ज़िलों को अपनाएँ

(d) सभी बैंक अपने पास जमा राशि जुटाने के लिये गहन प्रयास करें

प्र. भारत में बैंकिंग लोकपाल संस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है? (2010)

(a) बैंकिंग लोकपाल की नियुक्ति भारतीय रिज़र्व बैंक करता है।

(b) बैंकिंग लोकपाल भारत में खाते रखने वाले अनिवासी भारतीयों की शिकायतें सुन सकता है।

(c) बैंकिंग लोकपाल द्वारा पारित आदेश अंतिम और संबंधित पक्षों के लिये बाध्यकारी हैं।

(d) बैंकिंग लोकपाल द्वारा दी गईं सेवाएँ निःशुल्क होती हैं